संपादकीय

रंग लाई सख्ती

दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण रोकने में तंत्र की काहिली और जुबानी जमा-खर्च से क्षुब्ध सुप्रीम कोर्ट लगातार सरकारों को फटकार लगाता रहा है। बीते दिनों शीर्ष अदालत ने दो टूक कह दिया कि जमीनी हकीकत बताती है कि प्रदूषण रोकने की ईमानदार कोशिश न के बराबर हुई है। बृहस्पतिवार को कोर्ट ने दिल्ली सरकार को लताड़ा था और कहा था कि जब वयस्क वर्क फॉम होम कर रहे हैं तो बच्चों को स्कूल क्यों भेजा जा रहा है? कोर्ट ने 24 घंटे में प्रदूषण नियंत्रण के ठोस कदम उठाने को कहा था। कोर्ट की मंशा थी कि अभिभावकों की कारों के बड़ी संख्या में बाहर निकलने से जाम व प्रदूषण बढ़ेगा। जिसके बाद दिल्ली सरकार ने दिल्ली के स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया। शुक्रवार को शीर्ष अदालत ने इस बात पर नाराजगी जाहिर की कि दिल्ली के मीडिया में कुछ इस तरह रिपोर्टिंग की गई है कि कोर्ट स्कूलों को बंद करवा रहा है। यह भी कि कोर्ट प्रशासन चलाना चाहता है। बहरहाल, दिल्ली व एनसीआर में प्रदूषण की विकट स्थिति पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के लिये 17 सदस्यों की फ्लाइंग स्क्वॉयड बनायी है जो निगरानी रखने वाली टास्क फोर्स को रिपोर्ट करेगी कि प्रदूषण नियंत्रण के उपायों की क्या स्थिति है। टास्क फोर्स में दो स्वतंत्र सदस्य होंगे, जो रोज शाम छह बजे मिलकर अवलोकन करेंगे कि प्रदूषण नियंत्रण निर्देशों का किस सीमा तक पालन किया जा रहा है। यदि पाया गया कि प्रदूषण नियंत्रण के उपायों का पालन नहीं किया जा रहा है तो लापरवाही से सख्ती के साथ निपटा जायेगा। औद्योगिक इकाइयों पर कड़ी शर्त लगायी गई है। मेहता ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि कुछ समय इस मैकेनिज्म को काम करने दिया जाये। कोर्ट ने केंद्र सरकार की इस पहल पर संतोष जताया।

वहीं जब जस्टिस चंद्रचूड़ ने जानना चाहा कि इसके दायरे में दिल्ली ही है या एनसीआर के लिये भी यह मैकेनिज्म होगा? इस बार केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि टास्क फोर्स दिल्ली व एनसीआर में प्रदूषण मानकों पर काम करेगी। इसके बाद सारे तथ्यों से अवगत होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने टास्क फोर्स और फ्लाइंग स्कवॉयड को मंजूरी दे दी। साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिये कि प्रदूषण नियंत्रण के लिये तुरंत कदम उठाये जायें। वहीं दूसरी ओर दिल्ली सरकार ने कोरोना वायरस की तीसरी लहर की आशंकाओं के चलते दिल्ली में कोविड अस्पतालों के निर्माण की मंजूरी भी अदालत से मांगी थी। हालांकि, दिल्ली सरकार ने पुराने अस्पतालों में बुनियादी ढांचा तैयार करना पहले ही शुरू कर दिया है। अब कोर्ट ने कोविड अस्पतालों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। प्रदूषण से जुड़े अन्य मामलों पर अगली सुनवाई अब दस दिसंबर को होनी है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की सिफारिशों पर राज्य सरकारों से भी कार्रवाई के बाबत रिपोर्ट मांगी थी। वहीं कोर्ट को यूपी सरकार की ओर से बताया गया कि उद्योग बंद होने से राज्य में गन्ना और दूध उद्योग प्रभावित होंगे, जिससे राज्य की प्रगति बाधित होगी। राज्य सरकार ने कोर्ट से कहा कि ज्यादातर प्रदूषित हवा पाकिस्तान से आ रही है। इस पर मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी रमण ने चुटकी ली कि क्या आप पाकिस्तान के उद्योगों पर प्रतिबंध लगाना चाहते हैं? कोर्ट ने अपने पूर्व के निर्देशों की रिपोर्टिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि मीडिया के एक वर्ग द्वारा स्कूल व अन्य मामलों में हमें खलनायक बनाने की कोशिश हो रही है। लेकिन यह भी हकीकत है कि विगत में केंद्र व राज्य सरकारों के तमाम कागजी दावों के बावजूद दिल्ली के प्रदूषण पर अंकुश नहीं लग पाया है। बल्कि मुख्य न्यायाधीश ने तो यहां तक कहा कि कुछ हो नहीं रहा है, प्रदूषण बढ़ता जा रहा है और समय बर्बाद किया जा रहा है। जिसके बाद कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगायी। वहीं, पिछले पांच सालों के मुकाबले इस साल सर्वाधिक पराली जलाने की रिपोर्ट भी चिंता बढ़ाने वाली है। जिसके सामने सरकारों ने घुटने ही टेक दिये हैं।

आईपीओ से पहले एलआईसी ने एनपीए के मोर्चे पर अपनी स्थिति सुधारी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के पहले अपनी परिसंपत्ति की गुणवत्ता में खासा सुधार किया है। एलआईसी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 31 मार्च, 2021 तक उसकी गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 35,129.89 करोड़ रुपये थीं, जबकि उसका कुल पोर्टफोलियो 4,51,303.30 करोड़ रुपये का था। एलआईसी ने बताया कि भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के

दिशानिर्देशों के अनुरूप उसने एनपीए के लिए 34,934.97 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रावधान भी किए हुए हैं। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी का 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्त वर्ष में सकल एनपीए का अनुपात 7.78 प्रतिशत है जबकि उसका शुद्ध एनपीए 0.05 प्रतिशत रहा। एक साल पहले उसके ऋण पोर्टफोलियो के प्रतिशत के तौर पर सकल एनपीए 8.17 प्रतिशत, जबकि शुद्ध एनपीए 0.79 प्रतिशत रहा था। वास्तविक संदर्भ में एलआईसी का वर्ष 2019-20 में एनपीए 36,694.20 करोड़ रुपये था और उसका कुल कर्ज 4,49,364.87 करोड़ रुपये था। बीमा कंपनियों के लिए ऋण दबाव की सीमा बैंकों से अलग होती है। एलआईसी अमूमन अपने सभी एनपीए के लिए पूरा प्रावधान करती रही है। एलआईसी की वार्षिक रिपोर्ट कहती है, प्रबंधन ने परिसंपत्ति गुणवत्ता और रियल एस्टेट, कर्ज एवं निवेश के मोर्चे पर प्रदर्शन की समीक्षा की है। जहां भी जरूरी लगा है वहां पर वित्तीय प्रावधान भी किए गए हैं। एलआईसी अगले कुछ महीनों में अपना आईपीओ लाने की तैयारी में है। सार्वजनिक बीमा कंपनी को बाजार में सूचीबद्धता के लिए जरूरी कानूनी संशोधन भी सरकार कर चुकी है।

सरकार एलआईसी में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी अगले पांच वर्षों तक अपने पास रखेगी

इस संशोधन के मुताबिक, सरकार एलआईसी में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी अगले पांच वर्षों तक अपने पास रखेगी और उसके बाद उसे घटाकर न्यूनतम 51 प्रतिशत पर लाएगी। संशोधित कानून के मुताबिक, एलआईसी की अधिकृत शेयर पूंजी 25,000 करोड़ रुपये होगी जिसे 10 रुपये मूल्य के 2,500 करोड़ शेयरों के रूप में बांटा जाएगा। आईपीओ में दस फीसदी शेयर मौजूदा बीमाधारकों के लिए आरक्षित होंगे। आईपीओ आने और बाजार में सूचीबद्ध हो जाने के बाद एलआईसी का बाजार मूल्यांकन करीब 8-10 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

डिजिटल भुगतान उत्सव : छोटे व्यापारियों को कर्ज के लिए डिजिटल मंच लाया जाए

नई दिल्ली । सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बैंकिंग उद्योग से छोटे व्यापारियों को सुगमता और तेजी से ऋण प्रदान करने के लिए यूपीआई की तरह का एक मजबूत और निर्बाध डिजिटल मंच बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बैंकिंग उद्योग को तीन महीने में इस बारे में विचार बनाने और समाधान लाने को कहा है। मंत्री ने कहा कि आधार, मोबाइल फोन, यूपीआई मंच और डिजिलॉकर के मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र को देखते हुए इस तरह के मंच को बनाने के लिए आवश्यक आधार पहले से ही मौजूद है। वैष्णव ने डिजिटल भुगतान उत्सव में दर्शक के रूप में बैठे बैंकरों के लिए चुनौती रखते हुए कहा, क्या हम सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम (एमएसएमई), छोटे उद्योगों, छोटे व्यवसायियों को जल्द और आसान ऋण प्रदान करने के लिए यूपीआई मंच की तरह एक शक्तिशाली, अच्छा और डिजिटल मंच बना सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने बैंकरों से कहा, आज आपके पास आधार, मोबाइल फोन, यूपीआई मंच, डिजिलॉकर का एक अच्छा पारिस्थितिकी तंत्र है। व्यावहारिक रूप से ऋण संबंधी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाने के लिए आपको जो कुछ भी चाहिए वह आज उपलब्ध है।

मैन ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने के बाद आर अश्विन ने बताया अपना अगला मिशन

नई दिल्ली। भारत ने ऑफ स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और जयंत यादव के चार-चार विकेटों की बदौलत न्यूजीलैंड को दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन सुबह के सेशन में 167 रन पर ढेर कर 372 रन से बड़ी जीत हासिल की। अश्विन ने हेनरी निकल्स को विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा के हाथों स्टम्प आउट कराकर भारत में अपना 300वां टेस्ट विकेट किया और न्यूजीलैंड की पारी का अंत कर दिया। अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में भी चार अहम विकेट अपने नाम किए थे। उन्हें इस शानदार

प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड से भी नवाजा गया। उन्होंने मैच खत्म होने के बाद अगले मिशन को लेकर बात की है।

अश्विन ने कहा, मैं दक्षिण अफ्रीका जाना चाहता हूं और वहां टेस्ट सीरीज जीतना चाहता हूं। हम इससे पहले ऐसा करने में सफल नहीं हो सके हैं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि हम इस बार जरूर करेंगे। अश्विन ने वानखेड़े स्टेडियम में जैसे ही निकल्स का विकेट झटका, वैसे ही उनका नाम अश्विन मुथैया मुरलीधरन, जेम्स एंडरसन और अनिल कुंबले जैसे दिग्गज गेंदबाजों की एक खास लिस्ट में शामिल हो गया। अश्विन का होम ग्राउंड पर यह 300वां टेस्ट विकेट था, उनसे पहले यह कारनामा दुनिया के महज तीन गेंदबाज ही कर पाए हैं। अश्विन से पहले भारत की तरफ से यह कारनामा महान अनिल कुंबले ने किया है।

साल 2021 में यह कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज

मुंबई में अश्विन ने एक नया इतिहास रचते हुए टेस्ट क्रिकेट में एक साल में चौथी बार 50 या उससे ज्यादा विकेट लिए, जोकि भारतीय गेंदबाज का एक नया रिकॉर्ड है। अश्विन ने इस मामले में अनिल कुंबले और कपिल देव जैसे दिग्गजों को भी पीछे छोड़ा। इससे पहले उन्होंने 2015, 2016 और 2017 में टेस्ट क्रिकेट में 50 या उससे ज्यादा विकेट झटके थे। अश्विन से पहले कुंबले ने तीन बार और कपिल देव ने दो बार यह कारनामा किया था।

तुम इधर आ जाओ, मैं उधर आ जाता हूं, अंपायर के खराब फैसले पर भड़के विराट कोहली

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में जारी दूसरा टेस्ट अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। भारत ने कीवी टीम के सामने 540 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य रखा है, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने 5 विकेट खोकर 140 रन बना लिए हैं। टीम अभी 400 रन दूर है, जबकि भारत को जीत के लिए मात्र 5 विकेट चाहिए। यह मैच अंपायरिंग के लिहाज से बिल्कुल अच्छा नहीं गया है और कई बार ऐसा देखा गया, जब डीआरएस की वजह से अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। मैच के तीसरे दिन तो अंपायर के एक गलत फैसले पर भारतीय कप्तान विराट कोहली गुस्सा हो गए और उन्होंने बाद में अंपायर पर तंज भी कसा। सोशल मीडिया पर वह वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जहां विराट अंपायर पर तंज कसते हुए कहते हैं, ये क्या करते हैं यार ये लोग। तुम लोग मेरी जगह आ जाओ, मैं अंपायरिंग कर लेता हूं। यह वाकया न्यूजीलैंड की दूसरी पारी का है, जब 16वें ओवर के दौरान क्रीज पर सबसे सीनियर कीवी बल्लेबाज रॉस टेलर बल्लेबाजी कर रहे थे और गेंद अक्षर पटेल के हाथ में थी। यहां अक्षर के ओवर की तीसरी गेंद टेलर और विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा दोनों को बीट करती हुई विकेटकीपर के पीछे चौके के लिए चली गई।

इंसानों जैसा चेहरा बनाने में सक्षम है ह्यूमनॉइड रोबोट

लंदन। यूके स्थित ह्यूमनॉइड रोबोट निर्माता इंजीनियर आर्ट्स ने अपने एक रोबोट में अधिक मानवीय चेहरे के भावों को शामिल किया है।

यूट्यूब पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, अमेका नामक रोबोट विभिन्न मानवीय भावों को प्रदर्शित करता है, जैसे कि नींद से जागना, इसका चेहरा अपनी आँखें खोलने पर भ्रम और निराशा दिखाता है।

जागते ही अमेका अपने हाथों और भुजाओं को देखने लगती है, अपना मुंह खोलती है और अपनी भौहें ऊपर उठाती है, ठीक वैसे ही जैसे मनुष्य करता है।

वीडियो के अंत में, अमेका मुस्कुराती है और दर्शकों का स्वागत करते हुए हाथ पकड़ती है।

इंजीनियर आर्ट्स के अनुसार, ह्यूमनॉइड बॉट वर्तमान में चलने में असमर्थ है और यह निकट भविष्य में इसे क्षमता देने की दिशा में काम कर रहा है। कंपनी का कहना है कि भविष्य की रोबोटिक्स प्रौद्योगिकियों में विकास के लिए एक मंच के रूप में डिजाइन किया गया है। अमेका मानव-रोबोट बातचीत के लिए एकदम सही ह्यूमनॉइड रोबोट प्लेटफॉर्म है।

अमेका हार्डवेयर ह्यूमनॉइड रोबोटिक्स में अपने स्वयं के शोध पर आधारित है और इसकी उन्नत मेस्मर तकनीक पर बनाया गया है।

जनवरी में अमेरिका के लास वेगास में होने वाले उएर 2022 सम्मेलन में अमेका को इंजीनियर आर्ट्स प्रदर्शित करेंगे।

अजय देवगन की फिल्म मेडे का नाम बदलकर रखा गया रनवे 34

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन ने अपनी अपकमिंग फिल्म का नाम 'रनवे 34' घोषित किया है. इस फिल्म में अजय देवगन अभिनय और डायरेक्शन दोनों कर रहे हैं. इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और रकुल प्रीत सिंह मुख्य भूमिका में है. इस फिल्म का नाम पहले 'मेडे' रखा गया था.

अजय ने फिल्म का नया टाइटल अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है. एक्टर ने ट्वीट कर लिखा, 'मेडे' अब 'रनवे 34' है. सच्ची घटनाओं से प्ररित एक हाई ऑक्टेन थ्रिलर है जो मेरे लिए एक से अधिक कारणों की वजह से

खास है. 'रनवे 34' ईद के मौके पर 29 अप्रैल 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जैसा की आपसे वादा किया था.

एक्टर -डायरेक्टर अजय देवगन ने फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए नोट भी लिखा, रनवे 34 सच्ची घटनाओं से प्रेरित फिल्म है. आज मैं फिल्म का पोस्टर नये टाइटल और रिलीज डेट के साथ लॉन्च करता हूं, मुझे आपके साथ कुछ शेयर करने की जरूरत है. कहानी के बारे में बिना बताए क्योंकि ये एक इमोशनल, हाई -ऑक्टेन थ्रिलर है. मैं आपको बता सकता हूं कि वो क्या चीज है जिसने मुझे फिल्म की तरफ आकर्षित किया है.

अपनी आंखें बंद करें और सोचे कि हम में से प्रत्येक के जीवन में एक ऐसी स्थिति रही होगी जब हमने एक पल के लिए खुद को सबसे शक्तिशाली और अगले मिनट खुद को असहाय महसूस किया हो.

आमिर खान और रणबीर कपूर पीके के बाद एक बार फिर साथ में करेंगे काम

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान और रणबीर कपूर इंडस्ट्री के फेमस एक्टर्स में से एक हैं. दोनों एक अच्छा बॉन्ड भी शेयर करते हैं. रणबीर कपूर और आमिर खान एक साथ काम भी कर चुके हैं. रणबीर ने आमिर खान की फिल्म पीके में स्पेशल अपीयरेंस किया था. अब एक बार फिर दोनों साथ में काम करने जा रहे हैं.

फैंस दोनों को साथ में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. फैंस का ये इंतजार अब खत्म होने जा रहा है. रिपोर्ट्स की माने तो

आमिर खान और रणबीर कपूर साथ में एक प्रोजेक्ट करने जा रहे हैं. रिपोर्ट के मुताबिक आमिर खान और रणबीर कपूर ने साथ में काम करने के लिए हां कह दिया है. दोनों को स्क्रिप्ट भी बहुत पसंद आई है. कई सालों से दोनों साथ में काम करने की सोच रहे थे मगर एक अच्छी स्क्रिप्ट नहीं मिल रही थी.

आज का राशिफल

मेषः गूढ़ विद्या तथा रहस्यमय विषयों को जानने-समझने का आज आप प्रय कीजिएगा। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में है।

वृषः दिन का प्रारंभ आज आनंद प्रमोद और मित्रों की भेंट से होगा। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। आज अपनी भाषा का दुरुपयोग न हो जाए, इस बात का ध्यान रखिएगा।

मिथुनः आज आपका दिन मनोरंजनप्रद और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहकारपूर्ण वातावरण रहेगा।

कर्कः प्रतिकूलता में भी आप परिश्रमपूर्वक कार्य करेंगे। आरोग्य में विशेषकर पेट के व्याधि से समस्या होगी। विद्यार्थियों को विद्याभ्यास में सफलता मिलेगी।

सिंहः आज का दिन ध्यान से चलने का है। मानसिक रूप से तनाव रहेगा। परिजनों के साथ किसी बात पर खटराग हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतें।

कन्याः आज आपको लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। बंधु-स्वजनों से लाभ होगा। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। माता का स्वास्थ्य बिगड़ेगा।

तुलाः शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। घर के सदस्यों के साथ भ्रांति खड़ी न हो, इसका ध्यान रखिएगा।

वृश्चिकः आज का आपका दिन मध्यम फलदायी होगा। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्ण दिन संपन्न होगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे।

धनुः आज के दिन दुर्घटना एवं शल्य चिकित्सा से संभलकर चलें। आनंद-प्रमोद के पीछे आप अधिक खर्च करेंगे। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी।

मकरः आज का दिन व्यापार-उद्योग के लिए और व्यावसायिकों के व्यवसाय के लिए लाभदायी है। पुत्र और पत्नी से लाभ होगा।

कुंभः आज का दिन लाभकारी है। व्यावसायिक क्षेत्र में आप को लाभ की प्राप्ति होगी। व्यवसाय या व्यापार में पदोन्नति होगी।

मीनः बौद्धिक तथा उससे संबंधित लेखन कार्य में आज आप सक्रिय रहेंगे। नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे।

पत्तागोभी-टमाटर सूप

सूप पीने का असली मजा तो सर्दियों में ही होता है तो आज हम सीखने वाले हैं टमाटर और पत्तागोभी के सूप की रेसिपी। तो हेल्दी होने के साथ ही टेस्ट में भी नंबर वन है।

सामग्री :

एक किलो. टमाटर छोटे टुकड़ों में कटा हुआ, दो पत्तागोभी बारीक कटी हुई, 100 ग्राम हरा प्याज बारीक कटा हुआ, एक छोटी गांठ अदरख कटी हुई, एक चम्मच कार्न फ्लोर, तीन बड़ी चम्मच घी, तीन बड़ी चम्मच शक्कर, दो चम्मच साबुत सफेद गोल मिर्च मोटी पिसी हुई, 250 ग्राम दूध खौलाया हुआ, करीब 150 ग्राम क्रीम, स्वादानुसार नमक, आवश्यकतानुसार पानी

विधि :

- एक बर्तन में घी गर्मकर बारीक कटा हुआ प्याज फिर कार्न फ्लोर डालकर हल्का गुलाबी होने तक भूनें। अब इसमें टमाटर के टुकड़े डालें।

- दो मिनट बाद पानी व मोटी पिसी



गोल मिर्च डाल दें। साथ ही कटी हुई अदरक भी डाल दें। स्वादानुसार नमक डालकर बीच-बीच में चलाती रहें। इसे अच्छी तरह उबालने के बाद सूप वाली चलनी से छान लें।

- कटी हुई पत्तागोभी को उबाल लें। फिर पानी निकालकर टमाटर के सूप में डालकर आग पर चढ़ा दें। इसमें शक्कर डाल दें।

- अब दूध में क्रीम डालकर अच्छी तरह मिला लें।

- सूप में क्रीम वाला दूध डालती जाएं व बराबर चलाती रहें। गरमागरम सूप तैयार है।

शब्द सामर्थ्य- 281

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 280 का हल

अ	भि	षे	क	■	प	स	■	■
जा	त	■	थ	प	थ	पा	ना	■
य	र	का	नी	■	भ्र	■	र	श्मि
ब	घा	र	■	क	ष्ट	प्र	द	■
■	त	ना	त	नी	■	र्व	■	ब
अ	■	मा	■	ज	मा	त	■	ल
स	जा	■	■	■	■	क	ज	रा
बा	■	बे	स	हा	रा	■	ग	म
ब	गु	ला	■	रा	ज	दू	त	■

सू-दोकू- 281

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.280 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6